बेसलाइन टेस्ट संबंधी सामग्री की सूची सत्र 2018–19

माध्यमिक शालाओं (कक्षा– 6से 8) हेतु

क्र.	सामग्री	सामग्री का शीर्षक	कुल पृष्ठ संख्या
1.	टूल	बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी व गणित की **बुनियादी दक्षता** की जांच कक्षा–3 से 8	03
2.	टूल	बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी व गणित की **उन्नत दक्षता** की जांच कक्षा–6 से 8 **(बच्चे के उपयोग हेतु)**	03
3.	टूल	बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी व गणित की उन्नत दक्षता की जांच कक्षा–6 से 8 **(शिक्षक के उपयोग हेतु)**	03
4.	मूल्यांकन प्रपत्र	विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र विषय– हिन्दी (बेसलाइन–एण्डलाइन टेस्ट) कक्षाः 6 से 8	01
5.	मूल्यांकन प्रपत्र	विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र विषय–गणित (बेसलाइन–एण्डलाइन टेस्ट) कक्षाः 6 से 8	01
6.	संकलन प्रपत्र	शालावार संकलन प्रपत्र विषय–हिन्दी (बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट) कक्षाः 6 से 8	01
7.	संकलन प्रपत्र	शालावार संकलन प्रपत्र विषय–गणित (बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट) कक्षाः 6 से 8	01
8.	बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट : विद्यार्थियों का स्तर आकलन संबंधी निर्देश (बुनियादी दक्षता जांच हेतु) कक्षाः 3 से 8		04
9.	बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट : विद्यार्थियों का स्तर आकलन संबंधी निर्देश (उन्नत दक्षता जांच हेतु) कक्षाः 6–8		01
10.	दक्षता उन्नयन हेतु विद्यार्थियों के समूह निर्माण की प्रक्रिया		01

बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी की बुनियादी दक्षता की जाँच कक्षा (3 से 8)

भाग-1

पढ़ने की बुनियादी जाँच

भाग-2

अक्षर

र ग स

घ ख

झ द प

विद्यार्थी से कोई भी 5 अक्षर पहचानने को कहें | कम से कम 4 सही होने चाहिए|

शब्द

पुल मोती

गोल

भूखा लौकी

गिन

पिला कैसा

विद्यार्थी से कोई भी 5 शब्द पहचानने को कहें | कम से कम 4 सही होने चाहिए|

वाक्य

माला का एक भाई है |

वैभव शहर में रहता है |

पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त होता है |

सूर्य का प्रकाश हमारे लिए आवश्यक है |

विद्यार्थी को दिए गए वाक्यों को पढ़ने को कहें | यदि विद्यार्थी 3 या 3 से कम गलतियां करते हुए वाक्यों को पढ़ ले तो उसे कहानी पढ़ने को दें |

कहानी

मैं और मेरी बहन छत पर खेल रहे थे । अचानक आसमान में बादल गरजने लगे । बिजली कड़कने लगी । बारिश की बड़ी-बड़ी बूंदें पड़ने लगीं । मैं और मेरी बहन भागकर जल्दी से नीचे आ गए । तभी भैया गरम- गरम पकौड़े और समोसे ले आए । हम सबने नीचे बैठकर समोसे और पकौड़े खाये और बारिश का मज़ा लिया ।

विद्यार्थी को कहानी पढ़ने को कहें | विद्यार्थी यह कहानी धाराप्रवाह से पढ़े और 3 या 3 से कम गलतियाँ करे |

विद्यार्थी को यह टूल पढ़ने को कहें और बच्चा जो भी पढ़ सकता है उसके अनुसार सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें |

लिखने की जाँच

अक्षर

र प ल

फ ब

य न व

शिक्षक विद्यार्थी से किन्ही पाँच अक्षरों का श्रुतलेखन उनकी पुस्तिका में करवाएँ | कम से कम चार सही हों ।

शब्द

आशा जिस

राजी

शुभ सूना

देना

धोना सीख

शिक्षक विद्यार्थी से किन्ही पाँच शब्दों का श्रुतलेखन उनकी पुस्तिकामें करवाएँ | कम से कम चार सही हों

सबसे उच्चतम स्तर को नोट करें

बेसलाइन टेस्ट : गणित की बुनियादी दक्षता की जाँच कक्षा (3 से 8)

भाग-1

अंक पहचान (1 से 9 तक)	संख्या पहचान (10 से 99 तक)	जोड़	घटाना	गुणा	भाग
4 7	89 37 16 31	59 + 13 82+8 = ...	93 - 49 61-5 = ...	38 × 9 29× 6	5)434(
2 5	48 92	7 + 37 18+66 = ...	53 - 4 92-48= ...	81 × 5 77× 7	8)737(237÷9
9 4 6 8	23 47 58 73	59 + 3 53+28= ...	47 - 17 45-7=...	60 × 4 79× 3	657÷6
विद्यार्थी को कोई भी 5 अंक पहचानने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।	विद्यार्थी को कोई भी 5 संख्या पहचानने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।	विद्यार्थी को कोई भी 2 जोड़ के सवाल करने को कहें। दोनों ही सही होने चाहिए।	विद्यार्थी को कोई भी 2 घटाना के सवाल करने को कहें। दोनों ही सही होने चाहिए।	विद्यार्थी को कोई भी 2 गुणा के सवाल करने को कहें। दोनों ही सही होने चाहिए।	विद्यार्थी को कोई भी 1 भाग का सवाल करने को कहें। भागफल और शेषफल दोनो सही हों।

नोट : शिक्षक साथियों, गणित की सभी संक्रियाएँ के अलग-अलग प्रारूपों के द्वारा विद्यार्थी की जाँच करने से हम यह समझ पायेंगे कि क्या हमारे विद्यार्थी गणितीय संक्रियाओं को अलग-अलग प्रारूपों में हल कर पाते हैं?

भाग - 2

मापन

i. चित्र दिखाकर विद्यार्थी से पूछें |

किसमे अधिक पानी आएगा ?



ii. चित्र दिखाकर विद्यार्थी से पूछें |

किस वस्तु की लम्बाई अधिक है ?



iii. अपने हाथ की सबसे लंबी उंगली की लंबाई मापकर सेंटीमीटर में लिखें- .... सेंटीमीटर (पाठ्य पुस्तक के आंतरिक पृष्ठों में दिए गए स्केल का भी उपयोग किया जा सकता है)

iv. अपनी कक्षा के श्यामपट्ट की लंबाई बीता/बित्ता से अनुमान लगाकर लिखें- .... बीता/बित्ता

<u>शिक्षक के लिए</u> :- यदि विद्यार्थी चार में से कम से कम तीन सवाल बता पाता है तो मूल्यांकन प्रपत्र के मापन के कॉलम में सही का (√) निशान लगाएँ अथवा नहीं बता पाया तो कॉलम खाली छोड़े।

ज्यामितीय आकृतियाँ

नीचे बनी आकृतियों को पहचानिए |



हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं

<u>शिक्षक के लिए</u> :- यदि विद्यार्थी पांच में से कम से कम तीन सवाल बता पाता है तो मूल्यांकन प्रपत्र के ज्यामितीय के कॉलम में सही का (√) निशान लगाएँ अथवा नहीं बता पाया तो कॉलम खाली छोड़े।

भाग - 3 **बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी की उन्नत दक्षता की जाँच कक्षा- 6 से 8**

विद्यार्थी का नाम .... कक्षा- ....

नीचे दिए गए लेख को पढ़ें। पढ़ने के बाद लेख पर आधारित प्रश्नों के उत्तर भी दें।

मैं और मेरी बहन छत पर खेल रहे थे । अचानक आसमान में काले बादल गरजने लगे । बिजली कड़कने लगी । बारिश की बड़ी- बड़ी बूंदें पड़ने लगीं । मैं और मेरी बहन भागकर जल्दी से नीचे आ गए। तभी भैया गरम- गरम पकौड़े और समोसे ले आए । हम सबने नीचे बैठकर समोसे और पकौड़े खाये और बारिश का मज़ा लिया । ....

ऊपर दिये गये लेख के आधार पर नीचे पूछे प्रश्नों के उत्तर दें -

प्रश्न 1 से प्रश्न 3 के लिए चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें से उचित विकल्प पर सही का (√) निशान लगाएँ ।

प्रश्न 1 आसमान में क्या गरजने लगे ?

i) सफेद बादल ii) पानी

iii) नीले बादल iv) काले बादल

प्रश्न 2 भैया क्या लेकर आए ?

i) पकौड़े ii) हलवा

iii) मिठाई iv) पूड़ी

प्रश्न 3 'बड़ी' शब्द का विलोम है-

i) छोटी ii) आधी iii) पूरी iv) कीमती

प्रश्न 4 कहानी में यदि आप होते तो और क्या मज़े करते ? लिखिए-

....

....

....

....

बेसलाइन टेस्ट : गणित की उन्नत दक्षता की जाँच कक्षा- 6 से 8

भाग - 3

प्रश्न 1- भिन्न को दशमलव में बदलिए|

(i) $\frac{2}{4} = \cdots$ (ii) $\frac{9}{2} = \ldots$ (iii) $\frac{1}{5} = \ldots$

प्रश्न 2- नीचे दिए गए $\frac{2}{5}$ के तुल्य भिन्न देखकर (i) और (ii) के तुल्य भिन्न लिखिए-

यदि $\left(\frac{2}{5}\right)$ की तुल्य भिन्न $\left(\frac{4}{10}\right)$ है अर्थात $\left(\frac{2}{5} = \frac{4}{10}\right)$ तब निम्नलिखित की तुल्य भिन्न लिखिए।

(i) $\frac{1}{4} = \ldots$ (ii) $\frac{3}{5} = \ldots$

(iii) **नीचे बने चित्र को ध्यान से देखें-**



ऊपर दिए प्रश्न में चित्र व भिन्न में जो पैटर्न दिखाई दे रहा है ऐसा ही नीचे दिए गए चित्र व भिन्न में दर्शाइए |



प्रश्न 3- नीचे दी गई सारणी में भोपाल शहर के विभिन्न मोहल्लों के वाहनों की संख्या दी गयी है | इस सारणी के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

क्रमांक	मोहल्ले का नाम	मोटर साइकिल	साइकिल
1	अरेरा कॉलोनी	300	190
2	अवधपुरी	500	250
3	गौतम नगर	700	440
4	रचना नगर	200	150
कुल		1700	1030

i) किस मोहल्ले में साइकिल की संख्या सबसे कम है?

ii) अवधपुरी मोहल्ले की मोटर साइकिल के आंकड़े उसी मोहल्ले की साइकिल के आंकड़े से कितना अधिक है?

iii) किस मोहल्ले में मोटर साइकिल और साइकिल का अंतर सबसे अधिक है?

प्रश्न 4- दिए गए दण्ड आलेख को ध्यान से देखिए व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-



i) किन दो वर्षो में गेहूँ की उपज बराबर हुई है ?

ii) किस वर्ष गेहूँ की सबसे कम उपज हुई है ?

iii) वर्ष 2016 एवं 2017 की उपज का कुल अंतर बताइये ।

प्रश्न 5- आपकी शाला में 50 मीटर लम्बाई तथा 25 मीटर चौंड़ाई का एक आयताकार मैदान है | इस जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए-

i) मैदान का चित्र बनायें और भुजाओं (किनारों) की लम्बाई और चौड़ाई का नाप दर्शायें।

ii) आप इस मैदान की भुजाओं पर पांच बार पैदल चलेंगे, तो कितनी दूरी तय करेंगे लिखिए।

iii) मैदान का कुल क्षेत्रफल बताइए ।

प्रश्न 6- (i) दिए गए चित्र का पैटर्न देखकर पैटर्न को आगे बढ़ाइए -



....

(ii) दिए गए संख्या पैटर्न को पहचान कर पैटर्न आगे बढ़ाइए -

1, 2, 3, 1, 2,...,1,...,3,...,2, 3,.......

(iii) दिए गए संख्या पैटर्न को पहचान कर पैटर्न आगे बढ़ाइए -

2, 4, 6, ..., 10, 12, 14 , ..., ..., 20,.....

प्रश्न 7- शाब्दिक प्रश्न-

एक गोदाम में गेहूँ की 49 बोरियाँ रखी हैं | अगर वहाँ गेहूँ की 29 बोरियाँ और रखी जाएँ तो बताएँ, गोदाम में गेहूँ की कुल कितनी बोरियाँ हो जाएँगी ?

प्रश्न 8- शाब्दिक प्रश्न-

राजू के पास 175 रुपये हैं, जिसमें से उसने 129 रुपये का बल्ला (बैट) ले लिया | बताओ उसके पास कितने रुपये बचे ?

प्रश्न 9- शाब्दिक प्रश्न -

एक पानी की टंकी में 45 लीटर पानी भरा जा सकता है | अब बताएँ, ऐसे ही 9 टंकियों में कितने लीटर पानी भरा जा सकता हैं ?

प्रश्न10- शाब्दिक प्रश्न -

रमेश के पास चित्र बनाने के लिए 36 मिनट है | एक चित्र बनाने में 3 मिनट लगते हैं | वह 36 मिनट में कितने चित्र बना सकेगा ?

विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र (बेसलाइन/एण्डलाइन) कक्षा 6-8 विषय - हिन्दी कक्षा ………. (बेसलाइन/एण्डलाइन) दिनांक ………..…….......

जिले का नाम :		ब्लॉक का नाम :		जनशिक्षा केन्द्र का नाम :	
शाला का नाम :		डाईस कोड :		जाँचकर्ता का नाम :	

क्रमांक	विद्यार्थी का नाम	पिता का नाम	लिंग M/F	हिंदी विषय में विद्यार्थियों का समूह हिंदी भाग 1 में दर्शाए गए सीखने के स्तर से बनाये और गणित विषय में विद्यार्थियों का समूह गणित भाग 1 में दर्शाए गए सीखने के स्तर से बनाये														
				हिंदी भाग 1 पढ़ना (इस भाग में केवल एक ही (✓) होगा) (उच्चतम स्तर पर ही (✓) सही का चिह्न लगाएँ)					हिंदी भाग 2 लिखना (इस भाग में केवल एक ही (✓) होगा) (उच्चतम स्तर पर ही (✓) सही का चिह्न लगाएँ)			हिंदी भाग 3 पढ़कर समझना और लिखना (प्रत्येक प्रश्न के उत्तर को सही के चिह्न (✓) से दर्शायें अन्यथा खाली छोड़ें)						
				सीखने के स्तर														
				1-2		3-5		6-8							प्र. 4* स्वतंत्र अभिव्यक्ति			
				प्रारंभिक	अक्षर	शब्द	वाक्य	कहानी	प्रारंभिक	अक्षर	शब्द	प्र. 1 जानकारी खोजना	प्र. 2 निष्कर्ष निकालना	प्र. 3 विलोम	0	1	2	3
कुल																		

टिप्पणी :-

जाँचकर्ता के हस्ताक्षर

***नोट:** 0 -लिखने का प्रयास नहीं किया गया है, 1 - कुछ लिखने की कोशिश की गयी है या कुछ लिखा है जो इस प्रश्न से सम्बंधित नहीं है, 2 - पूरे उत्तर में कोई 1 विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया गया है, 3 - पूरे उत्तर में कम से कम 2 विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किये गए हैं| (यह प्रपत्र कक्षावार भरा जायेगा)

बेसलाइन टेस्ट : हिन्दी व गणित की उन्नत दक्षता की जाँच कक्षा- 6 से 8

हिन्दी भाग - 3

(शिक्षक के उपयोग हेतु)

नीचे दिए गए लेख को पढ़ें। पढ़ने के बाद लेख पर आधारित प्रश्नों के उत्तर भी दें।

मैं और मेरी बहन छत पर खेल रहे थे । अचानक आसमान में काले बादल गरजने लगे । बिजली कड़कने लगी । बारिश की बड़ी- बड़ी बूंदें पड़ने लगीं । मैं और मेरी बहन भागकर जल्दी से नीचे आ गए । तभी भैया गरम- गरम पकौड़े और समोसे ले आए । हम सबने नीचे बैठकर समोसे और पकौड़े खाये और बारिश का मज़ा लिया ।...

ऊपर दिये गये लेख के आधार पर नीचे पूछे प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रश्न 1 से प्रश्न 3 के लिए चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें से उचित विकल्प पर सही का (✓) निशान लगाएँ ।

प्रश्न 1 आसमान में क्या गरजने लगे ?

i) सफेद बादल ii) पानी
iii) नीले बादल iv) काले बादल

शिक्षक के लिए- सही विकल्प चुने जाने पर, सही (✓) का चिह्न

प्रश्न 2 भैया क्या लेकर आए ?

i) पकौड़े ii) हलवा
iii) मिठाई iv) पूड़ी

शिक्षक के लिए- सही विकल्प चुने जाने पर, सही (✓) का चिह्न लगाएँ।

प्रश्न 3 'बड़ी' शब्द का विलोम है-

i) छोटी ii) आधी iii) पूरी iv) कीमती

शिक्षक के लिए- सही विकल्प चुने जाने पर, सही (✓) का चिह्न लगाएँ।

प्रश्न 4 कहानी में यदि आप होते तो और क्या मज़े करते? लिखिए-

शिक्षक के लिए - विद्यार्थी द्वारा लिखित उत्तर को **0,1,2,3 कोड अनुसार** मूल्यांकन प्रपत्र में अंकित करें-
0– लिखने का प्रयास नहीं किया गया है, 1– कुछ लिखने की कोशिश की गयी है किन्तु प्रश्न से संबंधित नहीं है
2– पूरे उत्तर में कोई 1 विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया गया है, 3– पूरे उत्तर में कम से कम 2 विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किए गए हैं।

गणित भाग - 3

प्रश्न 1- भिन्न को दशमलव में बदलिए।

(i) $\frac{2}{4} = \cdots$ (ii) $\frac{9}{2} = \ldots$ (iii) $\frac{1}{5} = \ldots$

शिक्षक के लिए- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ।

प्रश्न 2- नीचे दिए गए $\frac{2}{5}$ के तुल्य भिन्न देखकर (i) और (ii) के तुल्य भिन्न लिखिए-

यदि $\left(\frac{2}{5}\right)$ की तुल्य भिन्न $\left(\frac{4}{10}\right)$ है अर्थात $\left(\frac{2}{5} = \frac{4}{10}\right)$ तब निम्नलिखित की तुल्य भिन्न लिखिए ।

(i) $\frac{1}{4} =$ (ii) $\frac{3}{5} =$

(iii) **नीचे बने चित्र को ध्यान से देखें-**



ऊपर दिए प्रश्न में चित्र व भिन्न में जो पैटर्न दिखाई दे रहा है ऐसा ही नीचे दिए गए चित्र व भिन्न में दर्शाइए |



<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न 3</u>- नीचे दी गई सारणी में भोपाल शहर के विभिन्न मोहल्लों के वाहनों की संख्या दी गयी है | इस सारणी के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

क्रमांक	मोहल्ले का नाम	मोटर साइकिल	साइकिल
1	अरेरा कॉलोनी	300	190
2	अवधपुरी	500	250
3	गौतम नगर	700	440
4	रचना नगर	200	150
कुल		1700	1030

i) किस मोहल्ले में साइकिल की संख्या सबसे कम है?

ii) अवधपुरी मोहल्ले की मोटर साइकिल के आंकडे उसी मोहल्ले की साइकिल के आंकडे से कितना अधिक है?

iii) किस मोहल्ले में मोटर साइकिल और साइकिल का अंतर सबसे अधिक है?

<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न 4</u>- दिए गए दण्ड आलेख को ध्यान से देखिए व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |



i) किन दो वर्षो में गेहूँ की उपज बराबर हुई है ?

ii) किस वर्ष गेहूँ की सबसे कम उपज हुई है ?

iii) वर्ष 2016 एवं 2017 की उपज का कुल अंतर बताइये ।

<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न 5</u>- आपकी शाला में 50 मीटर लम्बाई तथा 25 मीटर चौड़ाई का एक आयताकार मैदान है इस जानकारी के आधार पर निम्न प्रश्नों को हल कीजिए |

i) मैदान का चित्र बनाये और भुजाओं (किनारों) की लम्बाई और चौंडाई का नाप दर्शाएं।

ii) आप इस मैदान की भुजाओं पर पांच बार पैदल चलेंगे तो कितनी दूरी तय करेंगे लिखिए।

iii) मैदान का कुल क्षेत्रफल बताइए ।

<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ ।

<u>प्रश्न 6</u>- (i) दिए गए चित्र का पैटर्न देखकर पैटर्न को आगे बढ़ाइए -



<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि विद्यार्थी द्वारा केवल त्रिभुज भी बनाया जाएगा तो वह सही माना जाए ।

(ii) दिए गए संख्या पैटर्न को पहचान कर पैटर्न आगे बढ़ाइए -

1, 2, 3, 1, 2,...,1,...,3,...,2, 3,.......

(iii) दिए गए संख्या पैटर्न को पहचान कर पैटर्न आगे बढ़ाइए -

2, 4, 6, ..., 10, 12, 14 , ..., ..., 20,.....

<u>शिक्षक के लिए</u>- यदि 3 में से कम से कम 2 प्रश्न सही हैं, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ।

<u>प्रश्न 7</u>- शाब्दिक प्रश्न-

एक गोदाम में गेहूँ की 49 बोरियाँ रखी हैं | अगर वहाँ गेहूँ की 29 बोरियाँ और रखी जाएँ

<u>शिक्षक के लिए</u>- उत्तर सही हो, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न 8</u>- शाब्दिक प्रश्न-

राजू के पास 175 रुपये हैं, जिसमें से उसने 129 रुपये का बल्ला (बैट) ले लिया | बताओ उसके पास कितने रुपये बचे ?

<u>शिक्षक के लिए</u>- उत्तर सही हो, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न 9</u>- शाब्दिक प्रश्न -

एक पानी की टंकी में 45 लीटर पानी भरा जा सकता है | अब बताएँ, ऐसे ही 9 टंकियों में कितने लीटर पानी भरा जा सकता हैं ?

<u>शिक्षक के लिए</u>- उत्तर सही हो, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

<u>प्रश्न10</u>- शाब्दिक प्रश्न -

रमेश के पास चित्र बनाने के लिए 36 मिनट है | एक चित्र बनाने में 3 मिनट लगते हैं | वह 36 मिनट में कितने चित्र बना सकेगा ?

<u>शिक्षक के लिए</u>- उत्तर सही हो, तो सही (✓) का चिह्न लगाएँ |

शालावार संकलन प्रपत्र (बेसलाइन/एण्डलाइन) कक्षा 6-8 विषय - हिंदी (बेसलाइन/एण्डलाइन) दिनांक ……………

जिले का नाम :		ब्लॉक का नाम :		जनशिक्षा केन्द्र का नाम :	
शाला का नाम :		डाईस कोड :		जाँचकर्ता का नाम	

कक्षा	नामांकित विद्यार्थियों की संख्या	जाँच किए गए विद्यार्थियों की संख्या	हिंदी भाग-1 पढ़ना टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने छात्र दक्षता को जानते हैं					हिंदी भाग-2 लिखना टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने छात्र दक्षता को जानते हैं			हिंदी भाग-3 पढ़कर समझना और लिखना टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने छात्र दक्षता को जानते हैं						
			सीखने के स्तर														
			1-2		3-5		6-8										
			प्रारंभिक	अक्षर	शब्द	वाक्य	कहानी	प्रारंभिक	अक्षर	शब्द	प्र. 1 जानकारी खोजना	प्र. 2 निष्कर्ष निकालना	प्र. 3 विलोम	प्र. 4* स्वतंत्र अभिव्यक्ति			
														0	1	2	3
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
6																	
7																	
8																	
कुल (दक्षतावार)																	
कुल (सीखने के स्तरवार)			योग कालम नं 4+ 5		योग कालम नं 6+7		योग कालम नं 8										

नोट : कुल (सीखने के स्तरवार) पंक्ति में प्रत्येक सीखने के स्तर में छात्रों की कुल संख्या की गणना करें और लिखें|

टिप्पणी/सुझाव :-

कक्षा शिक्षक का नाम हस्ताक्षर   प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर

विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र (बेसलाइन/एण्डलाइन) कक्षा 6-8 **विषय - गणित** कक्षा .... (बेसलाइन/एण्डलाइन) दिनांक ....

जिले का नाम :		ब्लॉक का नाम :		जनशिक्षा केन्द्र का नाम :	
शाला का नाम :		डाईस कोड :		जाँचकर्ता का नाम :	

हिंदी विषय में विद्यार्थियों का समूह हिंदी भाग-1 में दर्शाए गए सीखने के स्तर से बनाये और गणित विषय में विद्यार्थियों का समूह गणित भाग-1 में दर्शाए गए सीखने के स्तर से बनाये

क्रमांक	विद्यार्थी का नाम	पिता का नाम	लिंग M/F	गणित भाग-1 (इस भाग में केवल एक ही (✓) होगा) (उच्चतम स्तर पर ही (✓) सही का चिह्न लगाएँ)							गणित भाग-2 (उत्तर सही होने पर (✓) सही का चिह्न लगाएँ)		गणित भाग-3 (उत्तर सही होने पर (√) सही का चिह्न लगाएँ।)									
				सीखने के स्तर															शाब्दिक सवाल			
				1-2				3-5		6-8												
				प्रारंभिक	अंक पहचान (1-9)	संख्या पहचान (10-99)	जोड़	घटाना	गुणा	भाग	मापन	ज्यामितीय आकृतियाँ	प्र. 1 भिन्न से दशमलव	प्र. 2 तुल्य भिन्न	प्र. 3 डाटा की समझ	प्र. 4 आलेख पर समझ	प्र. 5 परिमाप और क्षेत्रफल	प्र. 6 पैटर्न	प्र. 7 जोड़	प्र. 8 घटाना	प्र. 9 गुणा	प्र. 10 भाग
कुल																						

टिप्पणी :-

जाँचकर्ता के हस्ताक्षर

नोट : शिक्षक गणित का भाग-1 और भाग-2, एक एक बच्चे को अपने पास बुला कर करवाएं (वन टू वन) और गणित भाग-3 लिखित परीक्षा की तरह कराएं ।

शालावार संकलन प्रपत्र (बेसलाइन/एण्डलाइन) कक्षा 6-8 विषय - गणित (बेसलाइन/एण्डलाइन) दिनांक ....

जिले का नाम :		ब्लॉक का नाम :		जनशिक्षा केन्द्र का नाम	
शाला का नाम :		डाईस कोड :		जाँचकर्ता का नाम :	

कक्षा	नामांकित विद्यार्थियों की संख्या	जाँच किए गए विद्यार्थियों संख्या	गणित भाग-1 टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने विद्यार्थी दक्षता को जानते हैं							गणित भाग- 2 टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने विद्यार्थी दक्षता को जानते हैं		गणित भाग-3 टिकों की गणना करें और संक्षेप में बताएं कि कितने विद्यार्थी दक्षता को जानते हैं									
			सीखने के स्तर																		
			1-2				3-5		6-8									शाब्दिक सवाल			
			प्रारंभिक	अंक पहचान (1-9)	संख्या पहचान (10-99)	जोड़	घटाना	गुणा	भाग	मापन	ज्यामितीय आकृतियाँ	प्र. 1 भिन्न से दशमलव	प्र. 2 तुल्य भिन्न	प्र. 3 डाटा की समझ	प्र. 4 आलेख पर समझ	प्र. 5 परिमाप और क्षेत्रफल	प्र. 6 पैटर्न	प्र. 7 जोड़	प्र. 8 घटाना	प्र. 9 गुणा	प्र. 10 भाग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22
6																					
7																					
8																					
कुल (दक्षतावार)																					
कुल (सीखने के स्तरवार)			**योग कालम नं 4+5+6+7**				**योग कालम नं 8+9**		**योग कालम नं 10**												

टिप्पणी/सुझाव :-

कक्षा शिक्षक का नाम व हस्ताक्षर **प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर**

नोट : कुल (सीखने के स्तरवार) पंक्ति में प्रत्येक सीखने के स्तर में छात्रों की कुल संख्या की गणना करें और लिखें।

बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट : विद्यार्थियों का स्तर आकलन संबंधी निर्देश (बुनियादी दक्षता जाँच हेतु) (कक्षा 3-8)

हिन्दी की बुनियादी दक्षता की जाँच के निर्देश

दिए गए हिन्दी भाषा के टूल में दो भाग हैं : <u>भाग- 1</u> पढ़ने की बुनियादी जाँच एवं <u>भाग- 2</u> लिखने की जाँच

भाग-1 : पढ़ने की बुनियादी जांच के लिए निर्देश (कक्षा 3-8) :

अक्षर से शुरू करें

अक्षर

बच्चे को अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर पहचानने को कहें।
बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। यदि विद्यार्थी स्वयं नहीं चुनता है, तो आप अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर उसे पहचानने को दें।
बच्चा '<u>अक्षर स्तर</u>' पर है यदि वह **5 में से कम से कम 4** अक्षर सही पहचानता है ।

बच्चा **'<u>अक्षर स्तर</u>'** पर नहीं है (5 में से 4 अक्षर भी सही नहीं पहचान सकता है), तो उसे **'<u>प्रारंभिक स्तर</u>'** पर चिन्हित करें |

बच्चा ***"<u>अक्षर स्तर</u>" पर है,*** यदि वह **(5 में से कम से कम 4** अक्षर सही पहचानता है।) यदि बच्चा सही अक्षर पढ़ लेता है तो उसे शब्द पढ़ने को दें ।

शब्द

बच्चे को शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द पहचानने को कहें। बच्चे को शब्दों को स्वयं चुनने दें। यदि वह नहीं चुनते हैं, तो आप शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द उसे पहचानने को दें।

यदि बच्चा **'<u>शब्द</u>'** नहीं पढ़ सकता है (5 में से कम से कम 4 शब्द भी नहीं पहचानता है) तो उसे "<u>अक्षर स्तर</u>" पर चिन्हित करें ।

बच्चा **'<u>शब्द स्तर</u>' पर है,** यदि वह 5 में से कम से कम 4 शब्द सही पहचानता है । यदि बच्चा सही शब्द पढ़ लेता है तो उसे वाक्य पढ़ने को दें |

वाक्य

बच्चे को दिए गए वाक्य को पढ़ने को कहें । ***बच्चा कैसा पढ़ता है यह ध्यान से सुनें।***

बच्चा **'<u>वाक्य स्तर</u>' पर नहीं है** यदि :

- वाक्य को अलग-अलग शब्द की तरह पढ़े, न कि वाक्यों की तरह।
- वाक्य को अटक-अटक कर पढ़े और अक्सर रुक जाए।
- वाक्य को धाराप्रवाह पढ़े पर 3 से ज़्यादा गलतियाँ करे। तो उसे शब्द स्तर पर चिन्हित करें।

विद्यार्थी **'<u>वाक्य स्तर</u>' पर है** यदि वह :

- वाक्य को अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- वाक्य को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पूरे वाक्य को पढ़ने में 3 या 3 से कम गलतियाँ करे । बच्चा 'वाक्य पढ़ सकता है, तो उसे कहानी पढ़ने को दें।

कहानी

बच्चे को कहानी पढ़ने को कहें। बच्चा **'<u>कहानी स्तर</u>' पर है** यदि वहः

- कहानी को अलग-अलग शब्दों की तरह न पढ़कर वाक्यों की तरह पढ़े।
- कहानी को धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ ले भले ही वह धीरे-धीरे पढ़े।
- पूरी कहानी को पढ़ने में 3 या 3 से कम गलतियाँ करे।

यदि बच्चा कहानी पढ़ सकता है, तो उसे **'<u>कहानी स्तर</u>'** पर चिन्हित करें। अन्यथा उसे वाक्य स्तर पर ही चिन्हित करें ।

<u>नोट</u> :- प्रपत्र के हिन्दी भाग-1 में बच्चे के अक्षर/शब्द/वाक्य/कहानी में से उच्चतम स्तर पर ही (✓) सही का निशान लगायें ।

भाग-2 : लिखने की जाँच के लिए निर्देश (कक्षा 3-8):

अक्षर से शुरू करें

अक्षर

शिक्षक दिए गए अक्षरों की सूची में से बच्चे को कोई 5 अक्षरों का श्रुतलेखन करवायें।

अगर बच्चा 5 में से कम से कम 4 अक्षर सही नहीं लिख पाता है तो प्रपत्र में 'अक्षर' के कॉलम को खाली छोड़ दें एवं बच्चे को 'प्रारंभिक स्तर' पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 अक्षर सही लिखता है तो उसे शब्दों का श्रुतलेखन करवायें।

शब्द

शिक्षक दिए गए शब्दों की सूची में से बच्चे को किन्हीं 5 शब्दों का श्रुतलेखन करवायें।

यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 शब्द सही नहीं लिखता है तो प्रपत्र में 'शब्द' के कॉलम को खाली छोड़ दें एवं बच्चे को 'अक्षर स्तर' पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा 5 में से कम से कम 4 शब्द सही लिखता है तो प्रपत्र में 'शब्द' के कॉलम में (✓) सही का चिन्ह लगायें।

नोट :- प्रपत्र के हिन्दी भाग- 2 में 'प्रारंभिक' 'अक्षर' एवं 'शब्द' इन दोनों स्तरों में से बच्चा जिस भी उच्चतम स्तर पर होगा उस कॉलम में (✓) सही का चिन्ह लगाये।

महत्वपूर्ण :- कक्षा/विषय शिक्षक द्वारा निर्धारित स्तर आकलन निर्देश अनुसार एक-एक विद्यार्थी को अपने पास बुलाकर टेस्ट संचालित किया जाएगा। भाषा एवं गणित में लिखकर हल करने वाले प्रश्नों को बच्चों को अपनी कॉपी के पेज पर या कागज उपलब्ध कराकर हल कराया जाए तथा बच्चे के पेज को पोर्टफोलियो में संधारित किया जाए।

गणित की बुनियादी दक्षता की जाँच करने के निर्देश (कक्षा 3-8):-

दिए गए गणित के टूल में 2 भाग हैं -

भाग 1 - अंकों/संख्याओं की पहचान एवं गणितीय संक्रियाएँ (जोड़, घटाना, गुणा, भाग)

भाग 2 - मापन और ज्यामितीय आकृतियाँ

भाग 1 : अंकों/संख्याओं की पहचान एवं गणितीय संक्रियाओं के निर्देश:

अंक(1-9)

अंक पहचान की जाँच (1-9) से शुरू करें | अंक पहचान में दिए गए अंकों की सूची में से कोई 5 अंक पहचानने को कहें। बच्चे को स्वयं अंक चुनने दें, यदि वह नहीं चुनते है तो आप उसे कोई 5 अंक पहचानने को कहें।

यदि बच्चा अंक पहचान 1-9 स्तर पर नहीं है (5 में से कम से कम 4 अंक सही नहीं पहचानता है) तो उसे प्रारंभिक स्तर पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा 5 अंकों में से कम से कम 4 अंक सही पहचानता है तो उसे संख्या पहचान 10-99 स्तर पर ले जाएँ।

संख्या(10-99)

बच्चे को संख्या (10-99) की सूची में से 5 कोई पांच संख्या पहचानने को कहें । बच्चे को स्वयं संख्या चुनने दें, यदि वह नहीं चुनते है तो आप उसे कोई 5 अंक पहचानने को कहें ।

यदि बच्चा 5 संख्याओं में से कम से कम 4 संख्याओं को भी सही नहीं पहचानता है तो उसे "अंक स्तर" पर चिन्हित करें ।

यदि बच्चा 5 संख्याओं में से कम से कम 4 को सही पहचानता है तो उसे जोड़ के सवाल हल करने को दें ।

जोड़

बच्चे से जोड़ के 2 सवाल हल करवाने हैं । बच्चे को पहले कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें , यदि वह नहीं चुनता है तो आप एक सवाल चुनें ।

बच्चे से सवाल में दी गई संख्या पूछें और फिर जोड़ का चिन्ह पहचानने को कहें । यदि बच्चा जोड़ का पहला सवाल गलत करे तब भी दूसरा सवाल दें और ऊपर बताई गई प्रक्रिया से हल करवाएं । यदि बच्चे का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने के लिए कहें ।

यदि बच्चा जोड़ के दोनों सवाल सही नहीं कर पाता है तो उसे "संख्या स्तर" पर चिन्हित करें ।

यदि वह जोड़ का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे "संख्या स्तर" पर चिन्हित करें ।

यदि बच्चा जोड़ के दोनों सवाल सही करता है तो उसे घटाव (घटाना) का सवाल करने को दें ।

घटाव (घटाना)

बच्चे से घटाव के 2 सवाल हल करवाने है । बच्चे को पहले कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें, यदि वह नहीं चुनता है तो आप एक सवाल चुनें ।

बच्चे से सवाल में दी गई संख्या पूछें और फिर घटाव का चिन्ह पहचानने को कहें । यदि बच्चा घटाव का पहला सवाल गलत करे तब भी दूसरा सवाल दें और ऊपर बताई गई प्रक्रिया से हल करवाएं । यदि बच्चे का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने के लिए कहें ।

यदि बच्चा घटाव के दोनों सवाल सही नहीं कर पाता है तो उसे "जोड स्तर" पर चिन्हित करें ।
यदि वह घटाव का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे "जोड स्तर" पर चिन्हित करें ।

यदि बच्चा घटाव के दोनों सवाल सही करता है तो उसे गुणा का सवाल करने को दें ।

गुणा

बच्चे से गुणा के 2 सवाल हल करवाने हैं। बच्चे को पहले कोई एक सवाल स्वयं चुनने दें, यदि वह नहीं चुनता है तो आप एक सवाल चुनें।

बच्चे से सवाल में दी गई संख्या पूछें और फिर गुणा का चिन्ह पहचानने को कहें। यदि बच्चा गुणा का पहला सवाल गलत करे तब भी दूसरा सवाल दें और ऊपर बताई गई प्रक्रिया से हल करवाएं। यदि बच्चा का दूसरा सवाल सही है, तो उसे पहले सवाल को दोबारा हल करने की कोशिश करने के लिए कहें।

यदि बच्चा गुणा के दोनों सवाल सही नहीं कर पाता है तो उसे घटाव स्तर पर चिन्हित करें।

यदि वह गुणा का एक भी सवाल गलत करे तब भी उसे "घटाव स्तर" पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा गुणा के दोनों सवाल सही करता है तो उसे भाग का 1 सवाल हल करने को दें।

भाग

बच्चे से भाग का 1 सवाल हल करवाना है। बच्चा कोई एक सवाल स्वयं चुन सकता है, यदि वह नहीं चुनता है तो आप एक सवाल चुनें।

बच्चे को सवाल हल करने को कहें। यदि वह सवाल सही हल करता है तो उसे ''भाग स्तर'' पर चिन्हित करें।

नोट: भागफल व शेषफल दोनों सही होने चाहिए।

यदि बच्चा जल्दबाजी में सवाल हल करने में कोई मामूली सी गलती करे, तो उसे वही सवाल दोबारा हल करने को कहें।

यदि बच्चा भाग का सवाल सही नहीं कर पाता है तो उसे "गुणा स्तर" पर चिन्हित करें।

यदि बच्चा भाग के सवाल सही हल कर पाता है तो उसे "भाग स्तर" पर चिन्हित करें।

बच्चे का गणित में सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।

कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदु :

- भाग-1 की शुरुआत अंक पहचान से करें और कमशः आगे की संक्रियाओं की ओर बढ़ते हुए उच्चतम स्तर पर चिन्हित करें। अन्यथा यह कॉलम खाली छोड़ें।
- हल करने से पहले बच्चे से प्रत्येक प्रश्न कॉपी में लिखने को कहें और बच्चे से हल करने को कहें |

भाग-2 : मापन और ज्यामितीय आकृतियाँ (Measurement and Geometric Shapes) के निर्देश:

मापन

चित्र दिखाकर बच्चों से सवाल पूछें। यदि बच्चा 4 सवालों में से कम से कम 3 सवाल के उत्तर सही बता पाता है तो मूल्यांकन प्रपत्र में ''मापन'' के कॉलम में (✓) सही का निशान लगाएँ अथवा नहीं बता पाए तो यह कॉलम खाली छोड़ दें।

ज्यामितीय

दी गई ज्यामितीय आकृतियों को दिखाकर बच्चों से आकृतियों के नाम पूछें। यदि बच्चा 5 में से कम से कम 3 नाम सही बता पाता है तो मूल्यांकन प्रपत्र के ''ज्यामितीय'' के कॉलम में सही का निशान (✓)लगायें अथवा नहीं बता पाता तो यह कॉलम खाली छोड़ दें।

नोट:- गणित भाग-2 में ''मापन'' एवं ''ज्यामितीय आकृतियां'' दोनों कॉलम में (✓) सही का निशान लगाना है।

बेसलाइन/एण्डलाइन टेस्ट : विद्यार्थियों का स्तर आकलन संबंधी निर्देश (उन्नत दक्षता जाँच हेतु) (कक्षा 6-8)

हिन्दी भाग-3 (कक्षा 6 से 8 हिन्दी की उन्नत दक्षता की जाँच करने हेतु सामान्य निर्देश)

निर्देश: प्रश्न 1 से 4 तक के लिए-

1. जाँच करने से पहले टूल के भाग-3 में दी गई कहानी को बच्चे से पढ़ने को कहें ।
2. कहानी के आधार पर बच्चे से 4 सवाल पूछे जाएं ।
3. प्रश्न क्र. 1, 2 व 3 में दिए गए चार विकल्प में से किसी एक विकल्प का चुनाव करके बच्चे को सही (✓) का चिन्ह लगाना है ।
4. प्रश्न क्र.4 का उत्तर बच्चे को अपनी समझ के आधार पर लिखना है ।

विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र : हिन्दी भाग-3, कक्षा 6 से 8 हेतु निर्देश :-

- हिंदी भाग-3 (पढ़कर, समझना और लिखना) में प्रश्न क्र. 1, 2 और 3 में उत्तर सही होने पर प्रपत्र में प्रत्येक प्रश्न के कॉलम में सही (✓) का चिन्ह लगाएँ अथवा गलत या प्रयास नहीं किये जाने पर खाली छोड़ दें ।
- प्र.4 स्वतंत्र अभिव्यक्ति खंड में उपरोक्त निर्देश का पालन करते हुए बच्चे की श्रेणी का निर्धारण होगा । जिसमें चार कोड दिए गये हैं ।
- कोड का विवरण निम्नांकित है :-

  0- लिखने का प्रयास नहीं किया गया है ।

  1- उत्तर लिखा गया है लेकिन प्रश्न से संम्बधित नहीं है ।

  2- कोई एक विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया गया है ।

  3- पूरे उत्तर में कम से कम 2 विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किए गए हैं ।

बच्चे को उपर्युक्त 0,1,2,3 कोड में से बच्चे की लेखन क्षमता के अनुसार प्रपत्र के किसी एक कोड के कॉलम में सही (✓) का चिन्ह लगाएँ ।

गणित भाग-3 (कक्षा 6 से 8 गणित की उन्नत जाँच करने हेतु सामान्य निर्देश)

इस भाग में गणित की उन्नत जाँच के अंतर्गत भिन्न से दशमलव, तुल्य भिन्न, डाटा की समझ, आलेख पर समझ, परिमाप और क्षेत्रफल, पैटर्न से सम्बंधित प्रश्न तथा शाब्दिक सवाल पूछे गए हैं ।

निर्देश: प्रश्न 1 से 10 तक के लिए-

- प्रश्न क्र. 1 से 6 में तीन-तीन सवाल दिए गए हैं ।
- बच्चों को दिए गए प्रश्नों को दिए गए स्थान पर हल करने को कहें ।
- प्रश्न क्र 1.से 6 में अगर बच्चें ने 3 सवालों में से 2 सवाल सही हल किये हैं तो विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र में सही (✓) का चिहन लगायें अथवा 2 सवाल सही हल न करने पर खाली छोड़ दें ।
- प्रश्न क्र 7 .से 10 में प्रश्न का उत्तर सही होने पर विद्यार्थीवार मूल्यांकन प्रपत्र में सही (✓) का चिहन लगायें अथवा उत्तर सही न होने पर खाली छोड़ दें ।

महत्वपूर्ण - "भाषा एवं गणित की उन्नत दक्षता की जांच" हेतु लिखकर हल करने वाले प्रश्नों को बच्चों को अपनी कॉपी के पेज पर या कागज उपलब्ध करवाकर हल कराया जाए। आकलन पश्चात् प्रत्येक बच्चे के इस पेज को (टूल सहित) उसके पोर्टफोलियो में रिकार्ड के रूप में संधारित किया जाए । ध्यान रहे कि टूल में एवं पेज में बच्चे का नाम व कक्षा अवश्य अंकित कराई जाए ।

दक्षता उन्नयन हेतु
बेसलाइन टेस्ट के आधार पर विद्यार्थियों के समूह निर्माण की प्रक्रिया

सीखने के स्तर के आधार पर समूह बनाना

दक्षता उन्नयन हेतु विद्यार्थियों के बेसलाइन टेस्ट मूल्यांकन प्रपत्र में अंकित सीखने के स्तर/लर्निंग लेवल के आधार पर विद्यार्थियों को निम्नानुसार समूहों में विभाजित किया जाए-

कक्षा 1-2 का बैच	एक समूह
कक्षा 3-5 का बैच	दो समूह (सीखने का स्तर 1-2, सीखने का स्तर 3-5)
कक्षा 6-8 का बैच	तीन समूह (सीखने का स्तर 1-2, सीखने का स्तर 3-5, सीखने का स्तर 6-8)

कक्षावार-विषयवार समूह विभाजन

शाला स्तर	कक्षा समूह	विषय- गणित सीखने का स्तर परिभाषा	विषय- हिन्दी भाषा सीखने का स्तर परिभाषा
प्राथमिक शाला	**कक्षा 1-2 के लिए**	सभी बच्चे एक साथ एक ही समूह में बैठेंगे।	सभी बच्चे एक साथ एक ही समूह में बैठेंगे।
	कक्षा 3-5 के लिए	**सीखने का स्तर 1-2 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर अंक पहचान, संख्या पहचान या जोड है। **सीखने का स्तर 3-5 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर घटाना, गुणा या भाग है।	**सीखने का स्तर 1-2 :** वे बच्चे जिनका हिन्दी पढ़ना में उच्चतम स्तर प्रारंभिक या अक्षर है। **सीखने का स्तर 3-5 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर शब्द, वाक्य या कहानी है।
माध्यमिक शाला	**कक्षा 6-8 के लिए**	**सीखने का स्तर 1-2 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर अंक पहचान, संख्या पहचान या जोड है। **सीखने का स्तर 3-5 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर घटाना या गुणा है। **सीखने का स्तर 6-8 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर भाग है।	**सीखने का स्तर 1-2 :** वे बच्चे जिनका हिन्दी पढ़ना में उच्चतम स्तर प्रारंभिक या अक्षर है। **सीखने का स्तर 3-5 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर शब्द या वाक्य है। **सीखने का स्तर 6-8 :** वे बच्चे जिनका उच्चतम स्तर कहानी है।